# Keyboard Hindi Typing Chart - कम्प्यूटर की-बोर्ड टाईपिंग चार्ट

अगर हिन्दी टाइपिंग सीखना चाहते हैं, तो आपको शुरुआती दिनों में काफी दिक्कत होती है। क्योंकि लगभग सभी कीबोर्ड में English Font ही प्रिंट रहता है। इसलिए शुरु में थोड़ा मुसकिल होता है। लेकिन आप इस **Keyboard Hindi typing chart** के द्वारा आसानी से हिन्दी टाइपिंग सीख सकते हैं। इसमें हमने देवनागरी और कृति देव दोनो कीबोर्ड का चार्ट दिया है।

## Devanagari Hindi Typing Chart I देवनागरी हिन्दी टाइपिंग चार्ट

देवनागरी हिन्दी कीबोर्ड काफी सरल होता है और यह इनस्क्रिप्ट होता है। अतः आप जब माइक्रोसाफ्ट ऑफिस में टाइप करते है, तो अगर आपने कोई व्यंजन (**क, ख, ग**) टाइप किया है और कोई मात्रा (**के, खा, गो**) लगाया है और उसे बदना चाहते हैं। तो आपको बैक बटन दबाने की जरूरत नही होगी। आप उसी के उपर जो भी मात्रा चाहे तो दुबारा उस पर चढ़ा सकते हैं। जिससे टाइम की बचत होती है।

देवनागरी कीबोर्ड में Left side में **स्वर** और Right side में **व्यंजन** दिए गए है। आप को **मात्रा** लगाने के लिए सीधे ही टाइप करना होता है। जबकि स्वर जैसे- **अ, आ, ई** को टाइप करने के लिए आप **Shift बटन** को दबाकर कर सकते हैं। इन सभी का चार्ट नीचे देख सकते हैं-



इसी प्रकार सभी अघोष व्यंजन (**क प ग द ज**) normal position में कीबोर्ड के दाएं भाग में हैं। और सभी सघोष व्यंजन (**ख फ घ ध झ**) कीबोर्ड के दाएं भाग में shift position में उसी बटन में है जिसमें उसका सजातीय अघोष व्यंजन है। उदाहरण, अघोष व्यंजन क normal position में K बटन में है, और उसी कुंजी में shift position में उसका सजातीय सघोष व्यंजन ख है, यानी K वाली कुंजी में ही क ख दिए गये है शेष इसी क्रम में है। जिससे आसानी से इसे सीखा जा सकता है।

## Kruti dev Hindi typing chart | कृति देव हिन्दी टाइपिंग चार्ट

जैसा कि आपने देखा कि देवनागरी मात्रा को सपोर्ट करती है। और आसानी से किसी भी मात्रा को ओवरराइड कर सकते हैं। लेकिन कृतिदेव में ऐसा नही कर सकते। असल में कृतिदेव एक ट्रांसलेटेड भाषा है, अतः इसे जब आप टाइप करते हैं तो Background में इंगलिश Font ही टाइप होता है। और इसे कोडिंग की मदद से हिन्दी में बदल दिया जाता है। इसके साथ ही आपको इसमें पूरे अक्षर नही मिलते हैं कुछ अक्षर को टाइप करने के लिए शॉर्टकट कीज का इस्तेमाल करना होता है।




**Kruti Dev Typing Chart**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Alt + 143 | ऊ | Alt + 0205 | ह्                | Alt + 0214 | इ | Alt + 0228 | त्त |
| Alt + 171 | ) | Alt + 0206 | ड्ड | Alt + 0216 | क्र | Alt + 0186 | ट्ट |
| Alt + 172 | ( | Alt + 0231 | प्र | Alt + 0217 | त् | Alt + 0240 | ड्ढ |
| Alt + 173 | ॅ | Alt + 0165 | ञ | Alt + 0221 | फ़ | Alt + 0244 | क़ |
| Alt + 132 | त्त | Alt + 0207 | ड्ड | Alt +0184 | ॄ | Alt + 0204 | द्द |
| Alt + 0170 | ^ | Alt+ 0209/0151 | कृ | Alt + 0225 | ह्य | Alt + 0212 | ड्ड |
| Alt + 0182 | प | Alt + 0211 | त्र | Alt + 0226 | हृ | Alt + 0227 | ह्म |
| Alt + 0190 | = | Alt + 0130 | ॉ | Alt +0131 | ९ | Alt + 0150 | दृ |
| Alt + 0222 | " | Alt + 0223 | " | Alt + 0163 | ख़ | Alt +0179 | ङ |

यहाँ पर आप देख पा रहे होंगे की सभी कीज में डबल-डबल अक्षर दिखाई दे रहे है। यहाँ ध्यान देने वाली बात यह है कि जो अक्षर बटन में नीचे दिखाए गए हैं वे बिना शिफ्ट के लिखे जाते हैं। और जो अक्षर बटन में उपर दिखाए गए हैं उन्हें टाइप करने के लिए शिफ्ट बटन को दबाकर टाइप किया जाता है।

इसके अलावा कुछ अक्षर कीबोर्ड में नही होते है इसलिए उन्हें टाइप करने के लिए आपको शॉर्टकोड का इस्तेमाल करना होता है। इन अक्षरों का शॉर्टकोड उपर दिया गया है। शॉर्टकोड का यूज करना आसान है किसी विशेष अक्षर को लिखने के लिए Alt बटन के साथ दिया गया कोड दबाए और छोड़ दें।

*यह भी जाने* 👇

Computer Shortcut Keys Download in Hindi PDF

Mouse buttons name - माउस में कितने बटन होते है?

What is Keyboard in Hindi – कंप्यूटर कीबोर्ड क्या है?

फंक्शन कीज का क्या उपयोग होता है?